46	दुकान अन्य पेट्रोलियम अत्पादन/गैस एजेन्सी	2,500.00
	अन्य व्यवसाय–	
47	आटा चक्की	300.00
48	धुलाई (लॉन्ड्री)	500.00
49	ड्राइक्लीनर्स	1,600.00
50	साबुन फैक्ट्री	1,000.00

1	2	3
		रुपये–
51	आईस फैक्ट्री / कोल्ड स्टोर	1,000.00
52	गुददड़ गोदाम	800.00
53	चूना बनाने की भटटी	200.00
54	कंकड़ तथा सुर्खी भटटी	5,000.00
55	ईट भटटा	5,000.00
56	पेठा बनाने का कारखाना	8,000.00
57	सीमेन्ट फैक्ट्री	30,000.00
58	बर्फ बनाने की फैक्ट्री	10,000.00
59	सुपनमिनी प्लान्ट	40,000.00
60	जूता बनाने का कारखाना	30,000.00
61	लोहा व्यापारी टिम्बर / सीमेन्ट, ईट बालू थोक सीमेन्ट मारबल टाइल्स हार्डवेयर	3,000.00
62	बिजली के सामान बिक्रेता	3,000.00
63	कपड़ा थोक व्यापारी / फुटकर विक्रेता	4,000.00
64	चाय थोक विक्रेता	800.00
65	मीट फैक्ट्री	10,000.00
66	खाल एवं बाल उतारने वालों पर	400.00
67	कैटरिंग	1,300.00
68	बेकरी (भटटी)	800.00
69	बेकरी (पावर)	1,600.00
70	हेयर कंटिग सैलून	500.00
71	ब्यूटी पार्लर	400.00
72	कुंकिग गैस एजेन्सी	800.00
73	जनरल मर्चेन्ट थोक	1,000.00
74	जनरल मर्चेन्ट फुटकर	500.00
75	टेलरिंग हाउस (5 से अधिक कर्मचारी)	1,000.00
76	कोयला थोक विक्रेता	3,000.00
77	कोयला फुटकर विक्रेता	300.00
78	बेड़ा नावे	200.00
79	मसाला / पान मसाला कारखाना (फैक्ट्री)	3,000.00

1	2	3
		रुपये–
80	पेन्टस की दुकान	600.00
81	वजरा नाव	100.00
82	छोटी नाव	60.00
83	ज्वैलर्स बड़े(पॉच लाख से ऊपर टर्नओवर)	8,000.00
84	विज्ञापन एजेन्सी	6,000.00
85	डेरी फार्म	500.00
86	भूसा (थोक विक्रेता)	500.00
87	भूसा (फुटकर विक्रेता)	150.00
88	ऑडियो लाइब्रेरी	150.00
89	वीडियो लाइब्रेरी	300.00
90	केबिल टी0वी0	3,000.00
91	आर्कीटेक्ट/कन्सलटेन्ट, विधि चार्टड, एकाउन्टेट, करेट एकाउन्टेट	4,000.00
92	अनाज तिलहन चीनी गुड़ खण्डसारी (थोक विक्रेता)	4,000.00
93	अनाज तिलहन चीनी गुड़ खण्डसारी (फुटकर विक्रेता)	1,200.00
94	टेन्ट हाउस	2,500.00
95	पान की दुकान	200.00
96	पान का खोखा	50.00
97	चाय की दुकान	200.00
98	चाय का खोखा	50.00
99	जनरल मर्चेन्ट फुटकर	600.00
100	परचून दुकान थोक	600.00
101	परचून दुकान फुटकर	200.00
102	किताबों की थोक दुकान	500.00
103	किताबों की फुटकर दुकान	200.00
104	न्यूज पेपर	200.00
105	लकड़ी के टाल की दुकान थोक	1,800.00
106	लकड़ी के टाल की दुकान फुटकर	500.00
107	टिम्बर मर्चेन्ट	5,000.00
108	रेडियो मैकेनिक/टी0वी0 मरम्मत	150.00
109	फर्टिलाइजर शॉप	2,000.00

1	2	3
		रुपये–
110	प्लास्टिक फैक्ट्री	3,000.00
111	प्लास्टिक ट्रेडर्स	600.00
112	मिठाई की दुकान	600.00
113	चाट बताशों की दुकान	300.00
114	ड्राई फ्रूट विक्रेता थोक	600.00
115	ड्राई फ्रूट विक्रेता फुटकर	150.00
116	गैस फिलिंग प्लान	600.00
117	सब्जी की दुकान/फल	600.00
118	बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	5,000.00
119	मसाले थोक विक्रेता	1,000.00
120	मसाले फुटकर विक्रेता	200.00
121	फर्नीचर विक्रेता	1,000.00
122	क्राकरी विक्रेता	1,500.00
123	चूड़ी विक्रेता	300.00
124	बक्सा/कुठिया आदि की दुकान	500.00
125	कपड़ा फेरी	100.00
126	जूता मरम्मत व बनाकर बेचना	200.00
127	बर्तन की दुकान थोक/फुटकर	500.00
128	दूध फेरी	100.00
129	क्रीम मशीन	300.00
130	घड़ी की दुकान शोरूम	500.00
131	घड़ी मरम्मत	200.00
132	घड़ी मरम्मत/दुकानें	700.00
133	कबाड़ खाना	1,000.00
134	रूई विक्रेता	200.00
135	रूई धुनाई मशीन	1,000.00
136	पी0सी0ओ0	5,000.00
137	धान मशीन	800.00
138	स्पेलर (तेल) धानी	1,000.00
139	स्पेलर (तेल उघोग)	1,500.00

1	2	3
		रुपये–
140	मेंथा आयल विक्रेता	2,000.00
141	आरा मशीन	800.00
142	खेल तमाशे सर्कस	2,500.00
143	मेडीकल स्टोर बड़ा	1,000.00
144	अंग्रेजी दवाईयां फुटकर विक्रेता	500.00
145	यूनानी हकीम की दुकान	300.00
146	वैद्य हकीम की दुकान	400.00
147	यूनानी दवाओं की दुकान	300.00
148	होम्योपैथिक डॉक्टर की दुकान	300.00
149	एलोपैथिक डॉक्टर की दुकान	400.00
150	पार्टस की दुकान	200.00
151	शक्ति चलित वाहनों की मरम्मत वर्कशाप	500.00
152	मुर्गा मीट शाप	1,000.00
153	बजरी बजरपुर रेत/बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता	500.00
154	मेंथा आयाल प्लान्ट की एक टंकी	200.00
155	मेंथा आयाल प्लान्ट की दो टंकी	500.00
156	मेंथा आयाल प्लान्ट दो से अधिक पर	1,000.00
157	गुड़/राव खड़ा कोल्हू शक्ति चलित	1,000.00
158	उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य व्यवसायी उद्योग जो सम्मिलित नही हो सके है।	300 से 1,000 तक

उ0प्र0 नगर पालिका एक्ट 1916 की धारा 299 की उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद (बुलन्दशहर) यह प्राविधान करती है कि इन उपविधियों का उल्लघंन करने पर सम्बन्धित व्यक्तियो पर दोष होने पर न्यायालय द्वारा रु0 2,000.00 (दो हजार रुपये) तक अर्थ दण्ड दिया जा सकता है किन्तु किसी भी दशा में 500.00 रुपये से कम न होगा और निरन्तर अवहेलना करने पर अतिरिक्त दण्ड दिया जायेगा प्रथम दोष सि़द्ध होने की तिथि से प्रत्येक दिन के लिये उससे सिद्ध होता है कि अपराधी ने अपराध जारी रखा है रु0 25.00 प्रतिदिन अर्थदण्ड लिया जा सकता है। अर्थदण्ड की धनराशि न चुकाने पर 6 मास का करावास से दण्डित होगा जो 6 मास तक होगा।

अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद, जहॉगीराबाद,
जिला–बुलन्दशहर।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद् जहाँगीरबाद, बुलन्दशहर

विविधकर (शुल्क) उपविधि

04 जनवरी, 2024 ई0

सं0 547—नगर पालिका सीमान्तर्गत स्थित सभी टावरों पर शुल्क निर्धारण हेतु शासन के पत्र सं0 277/नौ-9-2014-277ज/2011, दिनांक 10 जून, 2014 एवं निदेशक, स्थानीय निकाय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0 8/5715 दिनांक 30 जून, 2014 के अनुपालन में टावर स्थापना नियन्त्रण एवं विनियमन सम्बन्धी आदर्श उपविधि नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 तथा उसके साथ अंकित सूची-1 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके उपविधि/नियमावली, वर्ष 2014 बनायी गयी है, प्रभावी की जाती है, जो राजकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

नियमावली

1— संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भ—

1— यह उपविधि नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर में टावर स्थापना, नियंत्रण एवं विनियमन उपविधि 2014 कही जायेगी।

2— यह उपविधि नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर की सीमा में लागू होगी।

3— यह उपविधि उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर में प्रवृत्त होगी।

2— **परिभाषाऐं**— विषय या प्रयोग में कोई शर्त प्रतिकूल न होने पर इस अधिनियम में उल्लिखित शब्द, अर्थ यह पढ़ा व समझा जाये।

1— अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।

2— अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर के अधिशासी अधिकारी से है।

3— नगर पालिका का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर से है।

4— अध्यक्ष/प्रशासक का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

5— नियमावली से तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर की विविध कर/नियमावली से है।

6— बोर्ड का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर के निर्वाचित बोर्ड से है।

7— फीस से तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर में वर्णित मदों पर लगाई गई फीस से है।

8— निरीक्षणकर्ता का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा अधिकृत निरीक्षणकर्ता से है।

9— सीमा के निकट क्षेत्र से तात्पर्य उस क्षेत्र से है जो नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद जनपद बुलन्दशहर की सीमा समाप्त होने वाले बिन्दु से 1 कि0मी0 की परिधि के अन्दर आता हों।

10— "समिति" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद हेतु विधि संगत ढंग से चयनित अध्यक्ष अथवा सदस्यों द्वारा गठित कमेटी से है।

11— प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य समिति के भंग होने की दशा में नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद के संचालन हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित वह अधिकारी जिसे इसका प्रभार सौंपा जाये।

12– अनुज्ञा शुल्क (लाइसेन्स फीस) का तात्पर्य उक्त अधिनियम की धारा 298(2) प्रथम में वर्णित व्यवसाओं के विनियमितिकरण एवं नियत्रिंत करने हेतु निर्धारित वार्षिक उस धनराशि से है जिसे उक्त शासनादेश से प्रतिबन्धों के अधीन एवं समिति द्वारा निर्धारित लाइसेन्स फीस से है।

नगर पालिका परिषद जहॉगीरबाद (बुलन्दशहर) द्वारा मोबाइल टावर, विद्युत ट्रान्सफार्मर, बिजलीघर, कोल्ड स्टोरेज मान्यता प्राप्त विद्यालय आदि पर शुल्क निर्धारण हेतु उपविधियॉ।

शासनादेश दिनॉक 27 अक्टूबर 1994 द्वारा निधार्रित कर/शुल्क दरें।

क्रमांक	मद का नाम	शासनादेश दिनांक 27 अक्टूबर, 1994 द्वारा निर्धारित दर
1	2	3
		रुपये–
1	ट्रांसफार्मर	500 प्रतिवर्ष
2	विद्युत गृह	50 प्रतिगज
3	कोल्ड स्टोरेज	10,000 प्रतिवर्ष
4	मोबाइल टॉवर	10,000 प्रतिवर्ष
5	विद्यालय	कक्षा 1 से 5 तक 2000 प्रतिवर्ष
6	विद्यालय	कक्षा 6 से 12 तक 5000 प्रतिवर्ष
7	महाविद्यालय	बी0ए0, एम0ए0, एम0कॉम0/20,000 प्रतिवर्ष
8	किड्स प्ले	–
9	महाविद्यालय	आई0आई0टी0, एम0बी0ए0, एम0सी0ए0, बी0टैक0, बी0टी0 सी0 पॉलीटैक्निक, बी0ए0 तक 20,000 प्रतिवर्ष

दण्ड

यू0पी0 म्युनिसिपैलिटीज एक्ट, 1916 की धारा 299(1) के अर्न्तगत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद (बुलन्दशहर) आदेश देती है कि इस नियमावली में किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर 25,000.00 रु0 (पच्चीस हजार रुपये मात्र) दण्ड किये जाये। और यदि अपराध निरन्तर जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थ दण्ड लगाया जायेगा। जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से यह सिद्ध हो जाने पर कि कोई भी अपराधी निरन्तर अपराध जारी रखा है तो प्रतिदिन 100.00 रुपये विलम्ब शुल्क लगेगा।

अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद, जहॉगीराबाद,
जिला–बुलन्दशहर।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, जनपद गोण्डा

सम्पत्ति कर निर्धारण एवं नामान्तरण उपविधि 2023-24

23 जुलाई 2024 ई0

सं0 अधि0अधि0/160/उपविधि/न0पा0प0न0/2024—नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, जनपद गोण्डा ने अपनी सीमा के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन के आदेश सं0 408/9-10-63ज/95-टी0सी0 दिनांक 22 फरवरी, 2010 के अनुपालन में उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके समस्त प्रकार के आवासीय, व्यवसायिक एवं औद्योगिक भवनों एवं भूमि/भूखण्ड पर स्वकर प्रणाली के अन्तर्गत सम्पत्ति कर निर्धारण एवं नामान्तरण उपविधि 2023-24 प्रस्तावित किया है। जिसका अनुमोदन निकाय की बोर्ड बैठक दिनांक 07 नवम्बर, 2023 में किया गया है। उपविधि पर दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त करने हेतु उपविधि का नियमानुसार समाचार-पत्रों में प्रकाशन कराकर एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराकर प्रकाशन के उपरान्त 35 दिनों तक आम जनता के आपत्ति/सुझाव कार्यालय में आमन्त्रित किये गये। निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति नहीं प्राप्त हुई, तदोपरान्त उपविधि को अन्तिम रूप दे दिया गया। जिसका अनुमोदन निकाय बोर्ड द्वारा दिनांक 22 जुलाई, 2024 की बैठक में किया गया। उपविधि का विवरण निम्नलिखित है—

उपविधि

खण्ड (क)

1— नाम— यह उपविधि नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा सम्पत्ति कर एवं नामान्तरण उपविधि 2023-24 कहलायेगी। जो नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा की सीमा के अन्दर राजकीय गजट में प्रकाशित तिथि से लागू होगी।

2— अर्थ— स्वकर प्रणाली के अन्तर्गत भवन/भूमि स्वामी स्वयं ही अपने भवन की माप कर इस उपविधि के खण्ड (ख) में उल्लिखित दरों के आधार पर आंगणन कर भवन/भूमि पर सम्पत्ति कर निर्धारण कर सकेगी।

3— परिभाषायें— इस नियमावली में विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर—

(1) नगर पालिका क्षेत्र से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा की सीमा के अन्तर्गत आने वाले उसके अधिसूचित क्षेत्र से है।

(2) नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा से तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243—घ के खण्ड के उपखण्ड (क) के अधीन व उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 के अधीन गठित नगर पालिका से है।

(3) अध्यक्ष नगर पालिका से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा की जनता द्वारा चुना गया अध्यक्ष/ प्रभारी अधिकारी से है।

(4) अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा में अधिशासी अधिकारी के पद पर नियुक्त/कार्यरत अधिशासी अधिकारी से है।

(5) कर समाहर्ता/राजस्व लिपिक से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा में इन पदों पर कार्यरत कर समार्हता/राजस्व लिपिकसे है।

(6) पटल प्रभारी से तात्पर्य नगर पालिका परिषद नवाबगंज, गोण्डा में अधिशासी अधिकारी द्वारा नामित किये गये पटल प्रभारी से है।

(7) भवन/भूमि से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा की सीमान्तर्गत स्थित भवन/भूमि से है।

(8) स्वकर निर्धारण प्रणाली से तात्पर्य उस व्यवस्था से है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या 408/9-10-63ज/95-टी0सी0 दिनांक 22 फरवरी, 2010 एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या 135/9-9-11-190 द्वि0रा0वि0आ0/04, दिनांक 18 मार्च, 2011 द्वारा उत्तर प्रदेश की समस्त निकायों में लागू किया गया है एवं आदेश संख्या 344/79-वि-1-11-1(क)15-2011, लखनऊ दिनांक 11 मार्च, 2011 द्वारा राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।

(9) आवासीय भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग उसके स्वामी/अध्यासी द्वारा निवास के रूप में किया जा रहा है। किन्तु होटल, लाज व वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु प्रयुक्त किये जाने वाले भवन शामिल नहीं है।

(10) व्यवसायिक भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग व्यवसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

(11) मिश्रित भवन से तात्पर्य उस भवन से है। जिसका प्रयोग आवासीय के साथ-साथ व्यवसायिक गतिविधियों के लिए भी किया जा रहा है।

(12) औद्योगिक भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग औद्योगिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

(13) पक्का भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसकी छत आर0सी0सी0 पद्वति से निर्मित हो, तथा आधुनिक भवन निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया हो।

(14) अर्द्ध पक्का भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसकी छत कड़ी पटियों से निर्मित हो।

(15) कच्चा भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसकी छत अस्थाई साधनों यथा छप्पर, लोहा/सीमेन्ट की चादर आदि से निर्मित हो।

(16) मासिक किराया दर से तात्पर्य इस उपविधि में भवनों/भूमि हेतु कारपेट आच्छादित क्षेत्रफल के लिए अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारण प्रतिवर्ग फुट किराये से है।

(17) वार्षिक मूल्य से तात्पर्य पालिका अधिनियम की धारा 140 में उल्लिखित वार्षिक मूल्य से है।

(18) कारपेट एरिया से तात्पर्य उस क्षेत्रफल से है जैसा कि इस प्रयोजन के लिए दिनांक 11 मार्च, 2011 को उत्तर प्रदेश सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।

(19) आच्छादित क्षेत्र का तात्पर्य नींव क्षेत्र पर, जिस पर भवन का सन्निर्माण किया जाता है, प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्र से है।

(20) मौहल्ले की श्रेणी से तात्पर्य, मौहल्ले में विकास की स्थिति, भवनों की स्थिति, नाली सड़क, स्थानीय लोगों के रहन-सहन एवं भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजनों के लिए कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल दर के आधार पर अधिशासी अधिकारी द्वारा नियत की गयी से है।

(21) मार्ग की चौडाई से तात्पर्य सार्वजनिक मार्ग के दोनों ओर स्थित सरकारी नाला/नाली के मध्य की दूरी से है।

4– कारपेट क्षेत्रफल की गणना विधि– प्रत्येक तल के लिए कारपेट क्षेत्र की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी–

(1) कक्ष– आंतरिक आयाम की पूर्ण माप (वर्ग फुट में)।

(2) आच्छादित बरामदा– आंतरिक आयाम की पूर्ण माप (वर्ग फुट में)।

(3) बाल्कनी, गलियारा, रसोईघर और भण्डार गृह– आंतरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप (वर्ग फुट में)।

(4) गैराज– आंतरिक आयाम की 25 प्रतिशत माप (वर्ग फुट में)।

(5) स्नानागार, शौचालय, द्वारमण्डप और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल का अंग नहीं होगा।

स्पष्टीकरण– उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम 1972 के प्रयोजनों के लिये किसी भवन का मानक किराया, अनुबंधित किराया या युक्ति-युक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक मूल्य की गणना करते समय हिसाब में नहीं लिया जायेगा।

5– वार्षिक मूल्य की गणना विधि–

(1) आवासीय भवन/भूमि का वार्षिक मूल्य = 12 x क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर x भवन का कारपेट एरिया।

या

आवासीय भवन/भूमि का वार्षिक मूल्य = 12 x क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर x भवन के आच्छादित क्षेत्र का 80 प्रतिशत।

एवं

(2) व्यवसायिक भवन का वार्षिक मूल्य = 12 x 2 x क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर x भवन का कारपेट एरिया।

या

व्यवसायिक भवन का वार्षिक मूल्य = 12 x 2 x क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर x भवन के आच्छादित क्षेत्र का 80 प्रतिशत।

एवं

(3) औद्योगिक भवन का वार्षिक मूल्य = 12 x 3 x क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर x भवन का कारपेट एरिया।

या

औद्योगिक भवन का वार्षिक मूल्य = 12 x 3 x क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर x भवन के आच्छादित क्षेत्र का 80 प्रतिशत।

स्पष्टीकरण– मिश्रित भवनों के लिए वार्षिक मूल्य, आवासीय, व्यवसायिक एवं औद्योगिक सभी के वार्षिक मूल्य की अलग-अलग गणना के योग के बराबर होगा।

6– वार्षिक मूल्य के आधार पर आंगणित कर से सम्बन्धित आधार भूत तथ्य–

(1) प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर इस प्रकार होगा जैसी कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार भवन एवं भूमि की अवस्थिति, भवन निर्माण की प्रकृति, भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नियत सक्रिल दर के आधार पर नियत किया जायेगा। प्रथम बार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दरों का निर्धारण करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका को सूचित किया जायेगा। यदि 2 वर्षों के उपरान्त प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दरों का परिवर्तन नहीं किया जाता है, तो वर्तमान उपविधि के खण्ड (ख) के नियम 2 में निर्धारित प्रथम प्रयोज्य दरों को आधार मानते हुए अग्रिम प्रति 2 वर्षों हेतु न्यूनतम 10 प्रतिशत की वृद्धि से मूल्यांकन किया जायेगा। उपविधि के खण्ड (ख) के नियम 1 एवं 2 यथा आवश्यकता प्रकाशन पृथक से किया जा सकता है।

(2) अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र या उसके भाग में उपविधि में विहित रीति के अनुसार क्षेत्रवार समय-समय पर किराया दर का निर्धारण एवं कर निर्धारण सूची तैयार करवाई जायेगी।

(3) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबंध में किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी किसी भवन एवं भूमि के सम्बन्ध में कर भुगतान के लिए प्राथमिक रूप से उत्तरदायी स्वामी या अध्यासी अपने द्वारा संदेय सम्पत्ति कर की धनराशि के सम्बन्ध में प्रतिवर्ष अपने देनदारी का निर्धारण स्वयं किया जा सकता है और ऐसा करने में वह धारा 140 के उपबंधों के अनुसार भवन के वार्षिक मूल्य का अवधारण स्वयं कर सकता है और अपने द्वारा इस रीति से इस प्रकार निर्धारित करके साथ ऐसे सनिर्धारित विवरण-प्रपत्र में, जैसा कि नगर पालिका निर्धारित करें, जमा कर सकता है।

(4) वार्षिक कर निर्धारण के प्रयोजनों के लिये प्रत्येक भवन एवं भूमि स्वामी या अध्यासी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में नगर पालिका द्वारा निर्धारित वितरणी भर कर प्रस्तुत करेगा। यदि भवन नवनिर्मित है तो निर्माण पूर्ण होने के 15 दिवस के भीतर पूर्ण विवरण-पत्र नगर पालिका कार्यालय में जमा करेगा। अधिशासी अधिकारी द्वारा विवरणी में दर्ज सूचनाओं की शुद्धता का परीक्षण कराने हेतु प्रधिकृत कार्मिक/कर समाहर्ता/राजस्व लिपिक/कर निरीक्षक/पटल प्रभारी से भवन की जांच कराई जा सकती है।

(5) बिना समुचित कारण के उपधारा (4) में विनिर्दिष्ट विवरणी को प्रस्तुत करने में विफल रहने या भवन से सम्बन्धित किसी प्रकार का तथ्य छिपाने, गलत सूचना भरने पर, कोई व्यक्ति रु0 1,000.00 से रु0 10,000.00 तक शास्ति भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(6) उपधारा (5) एवं अधिनियम में विनिर्दिष्ट शास्ति का प्रशमन एवं अधिनियम की धारा 140, 141, 142, 143, 144, 147 व 149 का प्रवर्तन अधिशासी अधिकारी के द्वारा किया जायेगा।

(7) सम्पत्ति कर की स्वकर प्रणाली लागू करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासी के सम्बन्ध में सर्वे कराया जायेगा। सर्वेक्षण में समस्त सम्पत्तियों को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जायेगी। यदि किसी एक भवन में आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों गतिविधियाँ पाई जाती है तो व्यवसायिक भवन को बटे या विशेष में विशिष्ट पहचान संख्या आवंटित की जायेगी। जिन भवनों/भूमियों के सम्बन्ध में स्वामित्व सम्बन्धी विवाद हैं अथवा सर्वे में जिनके स्वामियों का पता नहीं चलता है तो सम्पत्ति कर के भुगतान का दायित्व, ऐसे भवनों में रहने वाले किरायेदार/अध्यासी का ही होगा।

7– सम्पत्ति कर एवं अन्य कर की दर–

(1) भवन एवं भूमि के सापेक्ष अंगणित वार्षिक मूल्यांकन का 10 प्रतिशत सम्पत्ति कर निर्धारित होगा।इसके अतिरिक्त नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार भवनों पर जल कर भी अधिरोपित किया जायेगा। जो आवासीय भवनों पर वार्षिक सम्पत्तिकर का 30 प्रतिशत अथवा रु0 600 वार्षिक जो अधिक हो। व्यवसायिक भवनों पर वार्षिक सम्पत्तिकर का 40 प्रतिशत अथवा रु0 900 वार्षिक जो अधिक हो। औद्योगिक भवनों पर वार्षिक सम्पत्तिकर का 50 प्रतिशत अथवा रु0 1200 वार्षिक जो अधिक हो।

(2) भवन एवं भूमि के सापेक्ष अंगणित वार्षिक मूल्यांकन का दो प्रतिशत सफाई कर एवं दो प्रतिशत सीवर कर अधिरोपित किया जायेगा। लेकिन प्रतिबन्ध यह है कि निकाय क्षेत्र में जब तक सीवर लाईन का कार्य पूर्ण होकर निकाय को हस्तान्तरित नहीं किया जाता है तब तक सीवर कर प्रभावी नहीं होगा। सीवर लाईन का कार्य पूर्ण होकर निकाय को हस्तान्तरित होने के बाद सीवर कर स्वतः प्रभावी होगा।

8– वार्षिक मूल्य के निर्धारण में छूट–

(1) स्व अध्यासित भवनों के लिये वार्षिक मूल्य– भूमि और स्वामी द्वारा अध्यासित आवासिक भवन, जो कि दस वर्ष से अनधिक पुराना हो, के मामले में उपविधि की धारा 5 की उपधारा (1) के अधीन अवधारित वार्षिक मूल्य से 25 प्रतिशत कम समझा जायेगा और यदि वह 10 वर्ष से अधिक पुराना हो किन्तु 20 वर्ष से अधिक पुराना न हो तो उसे यदि 32.5 प्रतिशत कम समझा जायेगा और यदि वह 20 वर्ष से अधिक पुराना हो तो वह अवधारित वार्षिक मूल्य से 40 प्रतिशत कम समझा जायेगा।

(2) किराये पर दिये गये भूमि एवं आवासीय भवन, जो कि दस वर्ष से अनधिक पुराना हो के मामले में उपविधि की धारा 5 की उपधारा (1) के अधीन अवधारित वार्षिक मूल्य से 5 प्रतिशत अधिक समझा जायेगा और यदि वह 10 वर्ष से अधिक पुराना हो किन्तु 20 वर्ष से अधिक पुराना न हो तो उसे 2.5 प्रतिशत अधिक समझा जायेगा और यदि वह 20 वर्ष से अधिक पुराना तो वह अवधारित वार्षिक मूल्य के बराबर समझा जायेगा।

(3) किराये पर दिये गये व्यवसायिक भवन का मूल्यांकन, अनुबन्ध में उल्लिखित वास्तविक किराये या उपविधि की धारा 5 की उपधारा (2) के अधीन अवधारित वार्षिक मूल्य जो अधिक हो, पर किया जायेगा।

9– कर निर्धारण सूची का अधिप्रमाणन और उसकी अभिरक्षा–

(1) अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका क्षेत्र या उसके किसी भाग के क्षेत्रवार किराया दरों और निर्धारण सूची को अपने हस्ताक्षर से अधिप्रमाणित करेगा।

(2) इस प्रकार अधिप्रमाणित प्रत्येक सूची को नगर पालिका के कार्यालय में जमा किया जायेगा।

10– सम्पत्ति कर जमा करने के सम्बन्ध में प्रावधान–

(1) भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 30 सितम्बर तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(2) भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 31 दिसम्बर तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर 05 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(3) भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 31 दिसम्बर के बाद 31 मार्च तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर न तो कोई छूट दी जायेगी और न ही ब्याज आरोपित किया जायेगा। परन्तु 31 मार्च के पश्चात् सम्पत्ति कर जमा करने पर अर्थ दण्ड के रूप में 2 प्रतिशत मासिक चक्रवृद्धि ब्याज देय होगा। ब्याज की गणना करों को जमा करने की तिथि से सम्बन्धित माह की अन्तिम तिथि तक की जायेगी।

(4) करों से सम्बन्धित धनराशि सीधे निकाय के बैंक खाते में जमा करने के सम्बन्ध में परिस्थितिजन्य निर्णय लेने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

(5) नगर पालिका की अन्य उपविधियों/अधिनियम/शासनादेशों आदि का उल्लंघन करने पर आरोपित शास्तियों को उल्लघंनकर्त्ता के सम्पत्ति कर खाते में अवशेष देनदारी के रूप में दर्ज किया जा सकता है एवं अवशेष करों/शास्तियों/देयताओं के सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी को यह विश्वास होने पर कि पर्याप्त समय के उपरान्त भी करदाता द्वारा देनदारियां नहीं चुकाई गयी हैं, समस्त देनदारियों को भूराजस्व के बकाया के रूप में वसूले जाने हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है।

11– कर मुक्ति प्रावधान– भवन एवं भूमि दोनों के सम्पत्ति के वार्षिक मूल्य पर सम्पत्ति कर का उद्ग्रहण, नगर पालिका सीमा में स्थित निम्नलिखित को छोड़कर, समस्त भवनों और भूमि के सम्बन्ध में किया जायेगा–

(1) मृतकों के निस्तारण से सम्बन्धित प्रयोजनों के लिये अनन्य रूप से प्रयुक्त भवन या भूमि-यथा श्मशान एवं कब्रिस्तान आदि

(2) भवनों और भूमि या उसके भाग, जिनका अधिभोग और उपयोग अनन्य रूप से सार्वजनिक पूजा या धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए, अनुसंधान एवं विकास के सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं के मैदान, कृषि क्षेत्र और उद्यान, सरकारी सहायता प्राप्त या मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था और उनके खेल के मैदान या क्रीडा स्टेडियम के लिये किया जाता हो।

(3) ऐसे भवन, जिनका उपयोग अनन्य रूप से राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय या इण्टरमीडिएट कालेज के रूप में किया जाता हो। शैक्षणिक और क्रीड़ा गतिविधियों से इतर परिसर कर मुक्ति दायरे से बाहर होगें।

(4) किसी भी स्वामी द्वारा अध्यासित ऐसा आवासीय भवन, जो तीस वर्ग मीटर माप वाले या पन्द्रह वर्ग मीटर तक कारपेट क्षेत्रफल वाले भू-खण्ड पर निर्मित हों, परन्तु उसके स्वामी के स्वामित्व में नगर पालिका की सीमा के अन्तर्गत कोई अन्य भवन न हों।

(5) प्राचीन संस्मारक परिरक्षण अधिनियम, 1904 में यथा परिभाषित प्राचीन संस्मारक, जो किसी ऐसे सस्मारक के सम्बन्ध में राज्य सरकार के किसी निर्देश के अध्याधीन हो।

(6) भारत संघ में निहित भवन और भूमि, सिवाय वहां के जहां भारत का संविधान के अनुच्छेद 285 के खण्ड (2) के उपबन्ध लागू होते है।

(7) शासन के विभिन्न आदेशों अथवा मा0 न्यायालयों द्वारा दिये गये निर्णण के अधीन यदि किसी वर्ग/क्षेत्र/व्यक्ति/संस्था को कर मुक्त अथवा कर में छूट का प्रावधान किया गया है। तो वह भी उपनियमावली पर प्रभावी रहेगा।

12– विशेष वर्गों के लिये प्रावधान– निराश्रित, असाध्य रोग से पीड़ित, विधवा एवं दिव्यांग सम्पत्ति स्वामी कोजिसकी सम्पत्ति के वार्षिक मूल्य की उपयुक्त रूप से गणना की गई हो, वह अत्यधिक हो। वहां नगर पालिका किसी भी कम धनराशि पर जो उसे उचित प्रतीत हो, वार्षिक मूल्य नियत कर सकती है। प्रतिबन्ध यह है कि कर की राशि किसी भी दशा में गणना की गई धनराशि के 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी।

13– शास्ति एवं अर्थदण्ड– इस उपविधि के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करने अथवा भवन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का तथ्य छिपाने पर, गलत जानकारी देने पर कर निर्धारण को निरस्त कर, जमा कर को जब्त करते हुए सम्पत्ति स्वामि/भूमि स्वामी पर रु0 1,000.00 से रु0 10,000.00 तक का अर्थदण्ड आरोपित किया जा सकता है।

14– उपसंहार– इस उपविधि के प्रचलन में आते ही नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, गोण्डा की पूर्व में प्रचलित जलकर /सम्पत्ति कर उपविधि स्वतः ही खण्डित मानी जायेगी। यद्यपि कि पूर्व प्रचलित उपविधि के अन्तर्गत निर्धारित सभी अवशेष देयताओं की वसूली की जायेगी।

खण्ड (ख)

1– नगर में स्थित विभिन्न मौहल्लों का विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकरण–

ए– श्रेणी के मौहल्ले– गोला बाजार, कंजड़ान, पड़ाव पश्चिमी मध्य, पड़ाव पश्चिमी, पड़ाव मध्य, पड़ाव पूर्वी, संचरही पूर्वी, संचरही पश्चिमी, पोख्ता दरवाजा, मुट्ठीगंज दक्षिणी, मुट्ठीगंज मध्य उत्तरी।

बी– श्रेणी के मौहल्ले– नयाबाजार, पड़ाव मध्य पूर्वी, कहरान पूर्वी, मुट्ठीगंज उत्तरी पश्चिमी, मुट्ठीगंज उत्तरी पूर्वी, रेलवे कालोनी, संचरही मध्य।

सी– श्रेणी के मौहल्ले– कहरान मध्य, कहरान पश्चिमी, चाईं टोला पूर्वी, मुट्ठीगंज पूर्वी, शुगरमिल पश्चिमी, शुगर मिल पूर्वी, संचरही दक्षिणी

नोट– उक्त वर्णित मौहल्ला के अतिरिक्त कोई नया मौहल्ला या छूटा हुआ मौहल्ला उसके पास में सम्मिलित माना जायेगा।

2– नगर में स्थित विभिन्न श्रेणी के मौहलों में स्थित आवासीय भवनों/भूमि हेतु मार्ग की चौड़ाई के आधार पर स्वकर निर्धारण हेतु प्रस्तावित मासिक किराया दर (रु0 प्रति वर्ग फुट में)।

मासिक किराया दर (प्रति वर्ग फुट में)

मौहल्ले की श्रेणी	3 मीटर तक चौड़ाई के मार्ग				3 मीटर से अधिक व 5 मीटर तक चौड़ाई के मार्ग				5 मीटर से अधिक चौड़ाई के मार्ग			
	भूमि	कच्चा भवन	अर्द्ध पक्का भवन	पक्का भवन	भूमि	कच्चा भवन	अर्द्ध पक्का भवन	पक्का भवन	भूमि	कच्चा भवन	अर्द्ध पक्का भवन	पक्का भवन
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0	रु0
ए	0.40	0.70	1.00	1.30	0.50	0.80	1.10	1.40	0.60	0.90	1.20	1.50
बी	0.30	0.60	0.90	1.20	0.40	0.70	1.00	1.30	0.50	0.80	1.10	1.40
सी	0.20	0.50	0.80	1.10	0.30	0.60	0.90	1.20	0.40	0.70	1.00	1.30

नोट– उपरोक्त दरों का प्रकाशन पृथक से भी किया जा सकेगा।

खण्ड (ग)

सम्पत्ति के हस्तानान्तरण सम्बन्धी नियम/सम्पत्ति रजिस्टर में नाम परिवर्तन सम्बन्धी नियम।

(1) यदि किसी भवन अथवा भूमि का जिस पर कर आरोपित है, स्वामित्व हस्तानान्तरित होता है, तो स्वत्व हस्तानान्तरित करने वाले व्यक्ति या संस्था अथवा स्वत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था, ऐसे हस्तानान्तरण के 3 माह के अन्दर उसकी सूचना, बैनामें की प्रमाणित छायाप्रति अथवा सम्पत्ति के स्वामित्व से सम्बन्धित अन्य अभिलेख की प्रमाणित छायाप्रति व अन्य अपेक्षित दस्तावेजों के साथ आवेदन शुल्क देना होगा।अन्यथा की स्थिति में रु0 250.00 प्रतिवर्ष की दर से विलम्ब शुल्क भी देय होगा। शुल्क जमा करने का दायित्व स्वत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था का होगा।

(2) यदि किसी करदाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसके वारिस/ उत्तरराधिकारी द्वारा मृत्यु की दिनांक से 3 माह के अन्दर इसकी लिखित सूचना मय अभिलेखों के नामान्तरण शुल्क के साथ नगर पालिका में जमा करते हुए अधिशासी अधिकारी को प्रेषित करना होगा। अन्यथा रु0 250.00 प्रतिवर्ष की दर से विलम्ब शुल्क भी देय होगा।

(3) आवेदन शुल्क नामान्तरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति की कीमत या वर्तमान में प्रचलित सक्रिल दर के अनुसार सम्पत्ति की कीमत (जो अधिक हो) का 0.50 प्रतिशत होगा। जिसे निकाय में जमा करते हुए अधिशासी अधिकारी को आवेदन प्रेषित करना होगा।

(4) उपविधि के खण्ड (ख) के नियम 1 में प्रचलित मौहल्लों की श्रेणी ए, बी एवं सी हेतु नामान्तरण शुल्क क्रमशः रु0 600, 500 एवं 400 निर्धारित है। निराश्रित-विधवा, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति के हक में नामान्तरण होने की दशा में निर्धारित नामान्तरण शुल्क में पचास प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

(5) नामान्तरण के आवेदन का निस्तारण अधिकतम 3 माह के अन्दर कर दिया जायेगा।

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
नवाबगंज, गोण्डा।

सूचना

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि मे0 एस0आर0एन0एम0 एन्टरप्राइजेज, ए 24/25 मोती कुंज मथुरा उपरोक्त फर्म में साझेदार श्री सोनल अग्रवाल पुत्र श्री कृष्ण दयाल अग्रवाल, श्रीमती रानी अग्रवाल पत्नी स्व0 विनोद कुमार अग्रवाल श्री प्रवीन कुमार पोनिया पुत्र श्री राम कुमार प्रताप सिंह, श्री रितेश अग्रवाल पुत्र श्री महेश चन्द्र अग्रवाल सभी साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 15 सितम्बर, 2023 को संचालन की थी दिनांक 13 मार्च, 2024 से श्री राजकुमार अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चन्द अग्रवाल, श्री अंकित चौधरी पुत्र श्री भगवान सिंह चौधरी नये साझेदार के रूप में शामिल हो गये है, दिनांक 13 मार्च, 2024 श्री सोनल अग्रवाल पुत्र श्री कृष्ण दयाल अग्रवाल, श्रीमती रानी अग्रवाल पत्नी स्व0 विनोद कुमार अपनी स्वेच्छा से फर्म से अलग हो गये हैं। फर्म में उनका कोई लेन देन बकाया नही है फर्म का पूर्व पता ए 24/25 मोती कुंज मथुरा को परिवर्तित कर नया पता–जयश्री कालोनी शाह गंज दरवाजा मथुरा कर दिया गया है फर्म के पूर्व पते पर कोई लेनदारी-देनदारी बकाया नही है। अब फर्म को श्री प्रवीन कुमार पोनिया, श्री रितेश अग्रवाल, श्री राज कुमार अग्रवाल, श्री अंकित चौधरी संचालन करेंगे।

प्रवीन कुमार पोनिया,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे0 श्री कृष्णा डेवलेपर्स, रामश्री टावर्स, महोली रोड, मथुरा में स्थित है उपरोक्त फर्म में श्री बदन सिंह, श्री कुनाल अग्रवाल, श्री राहुल कुमार गोयल, श्रीमती श्वेता अग्रवाल, श्रीमती नेहा अग्रवाल, श्रीमती हेमा अग्रवाल, श्रीमती सोनल अग्रवाल, श्रीमती प्रकाश देवी, श्रीमती पूनम बंसल, श्री रवि चौधरी हम सभी साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 22 फरवरी, 2024 को संचालन की थी। दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से श्री अंशुल अग्रवाल फर्म में साझेदार हो गये है एवं श्रीमती पूनम बंसल फर्म से पृथक हो गई है। दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से अब फर्म को श्री बदन सिंह, श्री कुनाल अग्रवाल, श्री राहुल कुमार गोयल, श्रीमती श्वेता अग्रवाल, श्रीमती नेहा अग्रवाल, श्रीमती हेमा अग्रवाल, श्री सोनल अग्रवाल, श्रीमती प्रकाश देवी, श्री रवि चौधरी, श्री अंशुल अग्रवाल साझेदार के रूप में संचालित करेंगे।

बदन सिंह,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम सुशीला कुमारी पुत्री शंकर लाल है जो मेरे शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। मैने अपना स्वास्थय ठीक न रहने के कारण अपने ज्योतिषाचार्य के अनुसार अपना नाम सुशीला कुमारी से बदलकर सुदृष्टि सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे सुदृष्टि सिंह पुत्री शंकर लाल पत्नी भुवन गौतम के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सुदृष्टि सिंह,
पता– म0सं0 02/66, सेक्टर–2,
राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद,
गाजियाबादा, उ0प्र0 पिन–201005

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स अमायरा हाइट्स इन्फ्रा, थर्ड फ्लोर अबोव के0 इण्टरनेशनल बिहाईन्ड कुन्दन पैट्रोल पम्प दिल्ली रोड, मुरादाबाद नामक फर्म में पांच पार्टनर श्री अनिल गौड़, श्री मोहित गगनेजा, श्री आफताब आलम, श्री सचिन अग्रवाल एवं श्री पारस बंसल थे। पार्टनर श्री सचिन अग्रवाल एवं श्री पारस बंसल ने दिनांक 21 जुलाई, 2023 को रिटायरमेंट लेकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है, जिनके स्थान पर उक्त दिनांक को श्री नितिन अग्रवाल एवं श्री नितिन बंसल शामिल हो गये है। दिनांक 21 सितम्बर, 2024 को श्री अनिल गौड़ एवं श्री नितिन बंसल ने रिटायरमेंट लेकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है। इस प्रकार उक्त फर्म में अब वर्तमान में तीन पार्टनर श्री मोहित गगनेजा, श्री आफताब आलम एवं श्री नितिन आग्रवाल रह गये है। रिटायरमेन्ट लेने वाले पार्टनर की उक्त फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नहीं है। स्थापना के समय फर्म का पता–थर्ड फ्लोर अबोव के0 इण्टरनेशनल बिहाईन्ड कुन्दन पैट्रोल पम्प दिल्ली रोड, मुरादाबाद जिसको दिनांक 21 जुलाई, 2024 को परिवर्तित करके सेकेण्ड फ्लोर इलेवन ऑर्चिड अबोव फॉक्सवैगन शोरूम नियर सर्किट हाउस दिल्ली रोड, मुरादाबाद किया गया था, दिनांक 21 सितम्बर, 2024 को उक्त पता– परिवर्तित करके नया पता– राम चौक नियर गौतमबुद्ध, पार्क पी0ए0सी0 खुशहालपुर रोड कांशीरामनगर, मुरादाबाद–244001 कर दिया गया है।

मोहित गगनेजा,
मेसर्स अमायरा हाइट्स इन्फ्रा,
थर्ड फ्लोर अबोव के0 इण्टरनेशनल,
बिहाईन्ड कुन्दन पैट्रोल पम्प,
दिल्ली रोड, मुरादाबाद उ0प्र0।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम मुस्कान कुमारी है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या– 219279027510 में उसका नाम अनुष्का कुमारी हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को मुस्कान कुमारी पुत्री अवधेश के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गयी है।

अवधेश,
पुत्र–रामदुलारे
पता–ओनावल, पो0 डेढगावा,
थाना व वि0 ख0 व तहसील–सकलडीहा,
जिला–चन्दौली, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम एस्टरबहेन पवार पुत्री सोमनाथ भाई है जो मेरे पैन कार्ड में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या 663788452708 में मेरा नाम माही अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम एस्टरबहेन पवार पुत्री सोमनाथ भाई पत्नी सूरज कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

एस्टरबहेन पवार
पता– पनासा बनकटा,
तहसील–करछना खाई,
जनपद–प्रयागराज।

NOTICE

This is to declare that partnership deed of M/s Sainik Security Services PAN No: ABUFS6779H is amended from 1st April 2024 and Shri Narsingh Bahadur Singh is retired from this partnership and his share in partnership (75% Share) is transferred on the name of Shri Gaurav Singh (45% Share), Smt Poonam Singh (20% Share) and Mr Ved Singh (10% Share)

Gaurav Singh,
Partner
M/s Sainik Security Services,
The Mall Road Cantonment,
Varanasi.

पी0एस0यू0पी0–31 हिन्दी गजट–भाग 8–2024 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।